तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



ग्राम कैलाशपुर-राजपुर के मध्य बेलसोता नाला पुल में आई बड़ी दरारें, बीच से धंस गया पुल

4





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग

जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.

मों. 9826156669, 7000288169

B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)

G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)

स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार

पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


# राजभवन कार्यालय ने प्रारंभ की एसजीजीयू के नए कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि के कुलपति प्रो.पीपी सिंह का कार्यकाल अक्टूबर महीने में पूर्ण होने के कारण राजभवन द्वारा नए कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जानकार अगस्त महीने के मध्य तक नए कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद जता रहे हैं।

कुलाधिपति ने गंभीर आर्थिक अनियमितताओं के आरोप में संत गहिरा गुरू विवि के पूर्व कुलपति प्रो.अशोक सिंह को धारा 52 के तहत बर्खास्त कर दिया था तथा शासकीय महली भगत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.पीपी सिंह को आगामी आदेश तक के लिए कुलपति नियुक्त किया था। राजभवन द्वारा 20 अक्टूबर 2024 को दो पत्र जारी किए गए थे। एक पत्र के माध्यम से पूर्व कुलपति डॉ.अशोक को बर्खास्त किया गया था वहीं दूसरे पत्र के माध्यम से प्रो.पीपी सिंह को कुलपति नियुक्त किया गया था। जानकारों का कहना है आमतौर पर नियमित कुलपति का कार्यकाल पूरा होने तक की अवधि के लिए नए कुलपति की नियुक्ति की जाती है। ऐसे में 20 अक्टूबर के पूर्व संत गहिरा गुरू विवि को नया कुलपति मिलने की उम्मीद कम है। हालांकि राजभवन कार्यालय द्वारा दो महीने पूर्व से ही कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संत गहिरा गुरू विवि का कुलपति बनने सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यरत वरिष्ठ प्राध्यापकों के साथ ही अन्य राज्यों के प्राध्यापकों ने भी आवेदन किया है। जानकार सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राप्त आवेदनों की छंटनी के लिए राजभवन ने कमेटी का गठन भी कर दिया है। संत गहिरा गुरू विवि के कुलसचिव प्रो.एसपी त्रिपाठी राजभवन एवं स्क्रूटनी कमेटी के मध्य समन्वय स्थापित कर नियुक्ति प्रक्रिया के पूर्व की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। स्क्रूटनी कमेटी की बैठक 26 जुलाई को रायपुर में प्रस्तावित है। बैठक में विभिन्न राज्यों के चयनित स्क्रूटनी कमेटी के सदस्य आपसी सहमति से सीमित संख्या में उम्मीदवारों की सूची तैयार कर राजभवन कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे। कुलाधिपति स्क्रूटनी समिति द्वारा चयनित सूची में से एक की नियुक्ति कुलपति पर करेंगे।

## पूर्व कुलपति प्रो.अशोक सिंह को किया गया था बर्खास्त, कुलपति प्रो.पीपी सिंह का कार्यकाल अक्टूबर में होगा समाप्त

### 30 से अधिक उम्मीदवार

सूत्रों के अनुसार संत गहिरा गुरू विवि का कुलपति बनने सरगुजा के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने भी आवेदन किया है आवेदन करने वाले प्राध्यापकों में वर्तमान कुलपति प्रो.पीपी सिंह, श्री साई बाबा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव, शासकीय महाविद्यालय लखनपुर के प्राचार्य डॉ.एसके श्रीवास्तव, बीएचयू के प्रो.अरविंद आचार्य सहित छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के 30 से अधिक वरिष्ठ प्राध्यापकों के नामों की चर्चा आवेदन करने वाले लोगों में शामिल होने की चर्चा है। जानकार अगस्त महीने के मध्य तक एसजीजीयू के कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद जता रहे है।




### 6वें कुलपति की होगी नियुक्ति

संत गहिरा गुरू विवि अभी भी शैशवावस्था में है। कहने के लिए वर्ष 2008 में स्थापना होने के बाद अब तक पांच कुलपति नियुक्त हो चुके हैं लेकिन अभी तक एसजीजीयू किसी भी क्षेत्र में अपना आधार स्थापित नहीं कर सका है। सबसे बड़ी कमी है कि विवि को अब अपना भवन नहीं मिल सका है। एसजीजीयू के भकुरा परिसर में छह साल पूर्व प्रशासनिक भवन सहित अन्य विभागों एवं आवासीय भवनों का निर्माण प्रारंभ किया गया था जो आज तक पूरा नहीं हो सका है। विवि में एक भी प्राध्यापक नहीं है। नए कुलपति एसजीजीयू के 6वें कुलपति होंगे।

### 17 साल में दो बार लगी धारा 52

स्थापना के बाद डॉ.सुनील वर्मा को एसजीजीयू का प्रथम कुलपति नियुक्त किया गया था। उनके बाद प्रो.बीएल शर्मा के कार्यकाल में यूटीडी के विभिन्न विभागों में अध्यापकों की नियुक्ति हुई। उन्होंने परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम की प्रणाली में सुधार किया। सभी कार्यों को कम्प्यूटरीकरण कराया। एसजीजीयू के तीसरे कुलपति रोहिणी प्रसाद एवं प्रो.अशोक सिंह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके तथा विवादित कार्य प्रणाली एवं आर्थिक अनियमितता के कारण धारा 52 के तहत समय पूर्व बर्खास्त होना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### सात केंद्रों में 27 को होगी आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा

बलरामपुर। व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई को किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। जिले में परीक्षा के लिए कुल 7 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 2253 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर व्यापम की सभी परीक्षाओं के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। आबकारी परीक्षा के लिए जिले में शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल (सेजेस), शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल महाराजगंज, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर, संत जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल दर्रीडीह बलरामपुर, एकलव्य आदर्श माध्यमिक विद्यालय भेलवाडीह बलरामपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### कोर्ट के आदेश पर जमीन मामले में 7 के विरूद्ध जुर्म दर्ज

अम्बिकापुर। दो बहनों की जमीन का विक्रय अनुबंध कराने एवं बाद में संपूर्ण भूमि का बिक्रीनामा कराने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने 7 आरोपियों के विरूद्ध धारा 420 एवं 34 का मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार गांधीनगर निवासी श्रीमती चंद्रदेवी कुशवाहा आ.स्व.लक्ष्मण कुशवाहा एवं भैयाथान निवासी श्रीमती कलावती कुशवाहा आ.ददन कुशवाहा की ग्राम भगवानपुर खुर्द में पैतृक भूमि कुल रकबा 2.870 हेक्टेयर भूमि अलग-अलग 10 खसरे में है। राजस्व अभिलेखों में भाई रघुबर कुशवाहा एवं छतरू कुशवाहा का नाम दर्ज होने के कारण दोनों बहनें भूमि का बंटवारा कर अपना नाम दर्ज कराना चाहती थी। इसके लिए दोनों ने अधिवक्ता से संपर्क किया तथा भूमि से संबंधित दस्तावेज एवं वकालतनामा प्रस्तुत कर बंटवारा प्रक्रिया की पैरवी तत्काल प्रारम्भ करने को कहा। लेकिन इसके बाद उनकी जमीनें कई लोगों को बेच दी गई तथा इसकी राशि भी उन्हें नहीं मिली। इसके बाद इस मामले में कोर्ट में परिवाद।दायर किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने सभी सात आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। घर से नबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले कि रघुनाथनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत हरिजन पारा निवासी 21 वर्षीय मनोज कुमार आ. रामा जबरन घर में घुसकर 17 वर्षीया नाबालिग को धमकी देकर अपने मामा के घर ले गया और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में किशोरी के परिजन कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 333, 351(1) 137(2), 64 व 4,6 पोक्सो एक्ट तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## दूसरे एंगल से भी जांच कर रही पुलिस

# बाइक समेत नदी में गिर गए दो युवक, एक का मिला शव


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- दूसरे की तलाश जारी, दिनभर बांध का पानी बंद कर चलाया गया रेस्क्यू अभियान,

मां को लेने जाने के नाम पर घर से निकले युवक का शव घुनघुट्टा के खर्रा नदी में तैरते मिला है। घटना स्थल पर पुलिस को युवक की बाइक भी मिली है। युवक अपने दोस्त के साथ निकला था लेकिन फिलहाल दूसरे युवक का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा दूसरे युवक की तलाश के लिए घुनघुट्टा बांध के गेट को बंद कर सर्च अभियान चलाया गया। वहीं पुलिस द्वारा इस मामले कि दूसरे एंगल से भी जांच की जा रही है। फिलहाल यह माना जा रहा है कि युवकों की अनियंत्रित होकर नदी में गिरी होगी।

बताया जा रहा है की गुरुवार की दोपहर स्थानीय लोगों ने घुनघुट्टा बांध के खर्रा नदी में युवक का शव देखा था। शव नदी किनारे पत्थरों के बीच फंसे युवक के शव को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में मृतक कि पहचान बेलखरिखा के पलगढ़ी निवासी 20 वर्षीय हिमांशु आ. अमय लाल के रूप में की है। मृतक अपने मायके 7-8 साल से मायके कलगसा में रहती है। युवक की बुधवार को अपनी मां से बात हुई थी जिसके बाद वह अपनी मां को लेने जाने के नाम पर घर से अपने दोस्त कार्तिकेय के साथ शाम 5 बजे निकला था लेकिन वे दोनों कलगसा पहुंचे ही नहीं। गुरुवार को युवक का शव नदी में मिला है। पुलिस को घटना स्थल पर एक जोड़ी चप्पल, एक जोड़ी जूता और बाइक मिला है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है की कलगसा जाते समय युवकों खर्रा नदी के समीप मोड़ पर चालक ने बाइक से नियंत्रण खो दिया और उनकी बाइक सडक किनारे लगभग 35 से 40 फीट गहरी खाई से होते हुए नदी में गिर गई। नदी में गिरकर डूबने से युवक कि मौत हो गई। पुलिस ने फिलहाल पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।



नदी में युवकों की तलाश करती पुलिस व बचाव दल के सदस्य।

### बंद कराए गए घुनघुट्टा के गेट

पुलिस अब तक यह मान रही है कि सडक दुर्घटना के दौरान दोनों युवक बाइक समेत नदी में गिरे है। ऐसे में पुलिस द्वारा गुरुवार को घुनघुट्टा बांध के गेट को बंद कराया गया ताकि खर्रा नदी का जल स्तर कम हो सके। नदी का जल स्तर कम होने के बाद एसडीआरएफ के गोताखोरों कि मदद से सर्च अभियान चलाया गया लेकिन पुलिस को अब तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है। दरिमा थाना प्रभारी भरतलाल साहू ने बताया कि पुलिस द्वारा युवक कि संभावना के आधार पर नदी में तलाश की गई है। वही हम दूसरे एंगल से भी मामले की जांच कर रहे है। जांच व पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी होगी।

### चल रही है जांच

नदी में गिरने एक युवक की मौत हुई है। युवक का शव बरामद किया गया है और उसके साथी की तलाश चल रही है। जांच के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

# 6 माह में नगर निगम को विकास कार्यों के लिए मिले 70 करोड़ रुपए : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- तकनीकी कारणों से निरस्त की गई निविदा, फिर से किया जाएगा प्रकाशन

नगर निगम में अचानक ही 3.34 करोड़ रुपए का टेंडर अचानक ही निरस्त करने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। अचानक ही टेंडर निरस्त करने को लेकर कांग्रेस की ओर लगाए गए आरोप के बाद नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने हमला विपक्ष पर हमला बोला है।

ननि में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान श्रीमती भगत ने कहा कि नगर पालिक निगम के आंतरिक क्षेत्रों में सड़क डामरीकरण, नाली एवं अन्य विकास कार्य के लिए 13 करोड़ की ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया में है, जो कि लगभग 15 अगस्त प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। अभी वर्तमान वर्षा काल में डब्ल्यूएमएम, मलबा एवं अन्य फिलिंग मटेरियल से लगभग 20 लाख का कार्य कर लिया गया है एवं कार्य सतत चालू है। वर्षा काल के तुरंत बाद अति वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का डामरीकरण-पैच वर्क 5 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर के प्रवेश के 5 मुख्य सड़कों गांधी चौक से रेलवे स्टेशन रोड, अग्रसेन चौक से लुचकी घाट तक, लरंगसाय चौक से रामानुजगंज मार्ग, अम्बेडकर चौक से वाराणसी मार्ग एवं बिलासपुर चौक से बिलासपुर मार्ग एनएच तक फोर लेन का काम स्वीकृत है और निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। महापौर श्रीमती भगत ने कहा की विपक्ष द्वारा यह बार-बार आरोप लगाया जाता है कि निगम द्वारा डामरीकरण कार्यों की वार्षिक निविदा को निरस्त कर दिया गया है। सत्य यह है कि शासन द्वारा नया एसओआर 2024 सड़क (जीएसटी सहित) लागू हो जाने के कारण पूर्व में पुराने एसओआर पर आधारित निविदा को निरस्त किया जाना पड़ा एवं तत्काल नए प्रचलित एसओआर से पुनः वार्षिक निविदा कर दी गई है, जो कि स्वीकृति की प्रक्रिया में है। तकनीकी कारणों एवं आपत्ति प्राप्त होने पर ऑनलाइन कार्यों की निविदा लगभग 3.50 करोड़ के कार्यों की निविदा को निरस्त किया गया है जिसे तत्काल अन्य आवश्यक शर्तों के साथ प्रकाशन कर दिया जायेगा। विगत लगभग 6 माह में सड़क, नाली अन्य विकास कार्य हेतु शासन से 70.40 करोड़ रुपए निकाय को प्राप्त हुआ है। स्वच्छता के क्षेत्र में नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर को पहली बार राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त हुआ। पूर्व के समय वर्ष 2022 में हम लोग स्वच्छता के क्षेत्र में 5 स्टार से लुढ़ककर 3 स्टार में आ गये थे, जिसे पुनः नागरिकों के सहयोग एवं सफाई कार्य की बदौलत 5 स्टार प्राप्त किया गया है। पूर्व में शासनकाल में अनियमित, अवैध बसाहट के कारण शहर के अनेकों स्थानों पर जल भराव हो रहा है। दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू को शहर के 43 स्थानों में नाला निर्माण हेतु 42.61 करोड़ का प्रस्ताव सौंपा गया है एवं इस दिशा में लगातार प्रयास कर केन्द्रीय सहायता प्राप्त किये जाने की कोशिश की जा रही है। विद्युत व्यवस्था अन्तर्गत विगत 6 माह में लगभग 8500 विद्युत लाईट का मरम्मत का कार्य किया जा चुका है।अवारा मवेशियों के रोकथाम हेतु उन्हें पकड़कर घुटरापारा स्थित गौठान में आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराकर व्यवस्थित किया जा रहा है। इस दौरान एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, जितेन्द्र सोनी, श्वेता गुप्ता, प्रियंका गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



# ट्रक की चपेट में आकर 11 माह के मासूम की मौत, मां घायल

- ट्रक को ओवर टेक करते समय बाइक के चक्के में फंसी महिला की साड़ी

राजपुर। ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में हुई बाइक सवार दम्पति दुर्घटना के शिकार हो गए। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई लेकिन जबक 11 महीने के मासूम बच्चे की कुचलकर मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है। वहीं मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

बताया जा रहा है की कुसमी सेरेंगदाग निवासी सुरजीत कुमार आ. राजेश्वर सोनवानी, पीटीआई 20 वर्षीया सविता सुरजीत के साथ अपने ससुराल नवकी आया हुआ था। सुरजीत गुरुवार की शाम बाईक क्रमांक सीजी 30 जी 4677 से पत्नी को लेकर 11 माह के बच्चे अंश कुमार का उपचार कराने के लिए राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ रहा था। वहीं ट्रक क्रमांक बीआर 01 जीजी 6860 रायपुर से सीमेंट, पुट्टी लोड कर आसाम जा रहा था। इस दौरान जैसे ही ट्रक नगर के गांधी चौक के समीप पहुंचा बाइक चालक सुरजीत कुमार ने ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। जैसे ही युवक ट्रक को ओवरटेक कर आगे बढ़ा युवक कि पत्नी सवीता सुरजीत की साड़ी बाइक के पिछले चक्के में फंस गई।

बाइक के चक्के में साड़ी फंसने से सविता दूर जा गिरी लेकिन उसकी गोद में मौजूद 11 महीने का बच्चा ट्रक के समीप ही गिरा। सडक पर गिरते ही ट्रक का पहिया मासूम बच्चे के हाथ पर चढ़ गया और बच्चे का हाथ कुचल गया। वहीं महिला के हाथ व कंधे में चोट आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उपचार के दौरान 11 माह के मासूम अंश कुमार कि मौत हो गई। इस घटना के बाद बच्चे के माता-पिता सदमे में है। मामले में पुलिस ने घटना कारित ट्रक को जब्त कर चालक तवटोरटारा थाना महोदीनगर समस्तीपुर निवासी 29 वर्षीय प्रकाश यादव आ. दामोदर यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

## यू आकार में बैठने से बच्चों को नहीं महसूस होता बैकबेंचर्स जैसा

# क्लास रूम में बैठने की नई व्यवस्था से बदला विद्यार्थियों का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बिश्रामपुर संकुल के एक स्कूल में अब पढ़ाई की शुरुआत पीछे या आगे से नहीं,बल्कि बराबरी की भावना से हो रही है।पढ़ाई की इस क्रांति की शुरुआत किसी बड़ी सरकारी योजना से नहीं, बल्कि एक वायरल फोटो और शिक्षक की दूरदृष्टि से हुई है।

गौरतलब है कि कुछ सप्ताह पहले सोशल मीडिया पर केरल के एक स्कूल की तस्वीर खूब वायरल हुई थी।यह तस्वीर मलयालम फिल्म स्थानार्थी कुट्टन से प्रेरित थी, जिसमें छात्र यू आकार में बैठकर कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे।इस खास व्यवस्था में शिक्षक बीच में घूम-घूमकर हर बच्चे पर समान ध्यान दे सकते हैं, और किसी को भी बैकबेंचर होने का अहसास नहीं होता। यह फोटो देखने के बाद बिश्रामपुर के संकुल कन्या बिश्रामपुर के समन्वयक गौरीशंकर पाण्डेय ने इसे एक मौके की तरह देखा।उन्होंने न केवल इसे समझा, बल्कि तुरंत ही इसे अपने स्कूल में अपनाने का निर्णय लिया। 15 जुलाई को पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशनपारा कुंजनगर में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में समन्वयक गौरीशंकर पांडेय ने पंचायत जनप्रतिनिधियों व सेवानिवृत्त शिक्षक, संस्था प्रमुख और अन्य शिक्षकों के सामने इस बैठक व्यवस्था का लाइव डेमो पेश किया, डेमो देखकर सभी उपस्थितजन ने कहा कि ये तो हमारे बच्चों के लिए वरदान है,और अगले ही दिन 16 जुलाई से यह व्यवस्था स्कूल में लागू हो गई। नई व्यवस्था में अब स्कूल के बच्चे यू-आकार में बैठते हैं,और बीच की जगह पूरी तरह खाली होती है।शिक्षक वहां घूम-घूमकर सभी बच्चों तक पहुंचते हैं। इस पहल से अब हर बच्चा खुद को आगे बैठा हुआ महसूस करता है। शिक्षक का भी ध्यान सब पर बराबर होता है। किसी को खुद को ₹कमजोर या पीछे छूट गया महसूस नहीं होता है। सप्ताह भर बाद जब संकुल समन्वयक गौरीशंकर पाण्डेय स्कूल जाकर बच्चों से फीडबैक लिया, तो बच्चों ने काफी प्रसन्नता जताई। शिक्षक भी इस नई व्यवस्था से बेहद खुश नजर आए। उनका कहना था कि पहले क्लास के सिर्फ कुछ ही बच्चों से संवाद हो पाता था, अब हर चेहरा पढ़ाई में जुड़ा हुआ महसूस होता है।

ज्ञात हो कि संकुल समन्वयक ने इस व्यवस्था को अपने विद्यालय में पायलट रूप में लागू किया और सफलता के बाद इसे दो और माध्यमिक और एक प्राथमिक विद्यालय में भी लागू कर दिया है।






# ननि ने शुरू किया आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने गुरूवार को सड़कों पर बेखौफ घूम रहे आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान प्रारंभ किया। प्रथम दिवस टीम ने 50 आवारा मवेशियों को काऊ कैचर की मदद से पकड़ा एवं कांजी हाउस पहुंचाया। इसके पूर्व भी टीम ने अभियान के तहत 10 आवारा मवेशियों को पकड़ा था।

शहर सहित पूरे जिलेभर में मुख्य मार्गों पर बेखौफ धूम रहे आवारा मवेशी यातायात के लिए खतरनाक साबित हो रहे है। रात में भी मवेशी सड़कों पर घूमते रहते हैं। इस दौरान दुर्घटना में कभी बाइक सवारों को जान गंवाना पड़ता है तो कभी मवेशियों की मौत होती है। आवारा मवेशियों से हो रही लगातार दुर्घटनाओं को लेकर लम्बे समय से मवेशियों पर नकेल कसने की मांग हो रही है लेकिन ननि मामले में चुप्पी साधा था। उच्च न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के बाद अब ननि द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान शुरू किया है। नगर निगम ने पकड़े गए आवारा मवेशियों को कांजी हाउस में रखने एवं पशुमालिकों से शुल्क वसूलने का निर्णय लिया है। शहर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों में गाय रखा है। दूध देने तक पशुपालक गायों को अपने घर मं रखते हैं तथा दूध बंद होते ही गायों को खुले में छोड़ देते हैं। अधिकांश पशुपालक दुध निकालने के बाद गायों को खुले में छोड़ देते हैं तथा बछड़े को घर में बांधे रहते है। हालत यह है कि शहर की कोई भी सड़क आवारा मवेशियों से मुक्त नहीं है। ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने पशुपालकों को अपने परिसर में रखने एवं खुले में नहीं छोड़ने अन्यथा पकड़े गए मवेशियों के स्वामी से जुर्माना वसूलने एवं निर्धारित समय के बाद मवेशियों को नीलाम करने की चेतावनी दी है।

## खबर संक्षेप

### हरेली पर 350 पौधों का किया गया रोपण



**बैकुण्ठपुर।** हरेली पर्व के अवसर पर गुरूवार को नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर क्षेत्रांर्गत एक पेड़ मां के नाम तहत टूरा-टूरी बगीया एवं फिल्टर प्लांट में 350 पौधों का पौधरोपण किया गया। उक्त पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे के अलावा अन्य कर्मचारी के साथ स्वच्छता दीदीयों ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाया। जानकारी के अनुसार नपा बैकुंठपुर द्वारा अब तक निकाय क्षेत्र में 800 पौधों का रोपण किया जा चुका है। नपा बैकुंठपुर 5 हजार पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे जल्द पुरा कर लेने का दावा किया जा रहा है।

### बुढ़ार में कौशल शिविर का आयोजन आज

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी एवं जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी सह संचालक डीपीएलसी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 25 जुलाई को ग्राम पंचायत बुढ़ार में कौशल शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में ग्राम पंचायत बुढ़ार, आमापारा, खुटरापारा, चारपारा कुड़ेली, सरभोका, कसरा, खोडरी, डबरीपारा, अमहर, शिवपुरी एवं रामपुर (प) को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न विधाओं में जैसे मेशन (राजमिस्त्री), प्लंबर, कारपेंटर, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, सोलर इनस्टॉलेशन टेक्नीशियन, योगा इंस्ट्रक्टर, मोटर मैकेनिक सह मोटर ड्राइवर, मशरूम उत्पादन जैसे रोजगार मूलक ट्रेड़ों में प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया जाना है। इच्छुक अभ्यार्थी उक्त शिविर में आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही संबंधित सचिवों को निर्देशित किया गया है कि अपने ग्राम पंचायत में शिक्षित बेरोजगारों का चिन्हांकन कर अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र जमा करावें।

### पब्लिक स्कूल में मना हरेली पर्व



**मनेन्द्रगढ़।** यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में पारंपरिक त्योहार हरेली पर्व को बड़े हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को हरेली पर्व के महत्व और इसकी पर्यावरणीय प्रासंगिकता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण किया गया। इसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देना था, इसके साथ ही बच्चों ने हरेली पर्व से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों में पोस्टर मेकिंग, भाषण, पारंपरिक खेल जैसे आयोजन शामिल रहे। विद्यालय प्राचार्य ने बच्चों को इस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखने और हरियाली को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी।

एनएच 43 के खरवत चौक पर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से हादसा

# असमय बुझ गए तीन घरों में चिराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के नेशनल हाइवे-43 पर खरवत चौक में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक छात्रा और 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में चरचा क्षेत्र के दो युवक और रामपुर आनी की एक युवती शामिल हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इन तीनों को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर जैसे ही परिजन तक पहुंची, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। 23-24 जुलाई की दरम्यिानी रात्रि करीब 1 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से खरवत चौक पर रुपनगर चरचा निवासी आशीष व अमित चेरवा एवं एकता खाखा निवासी रामपुर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका एकता कक्षा 11 वीं की छात्रा थी। हादसा इतना भीषण रहा कि घटनास्थल पर टूटी स्पोर्ट्स बाइक, बिखरा सामान और रक्तरंजित दृश्य इस टक्कर की भयावहता को दर्शा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय बाइक सड़क किनारे क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी थी और युवक-युवती के शव पास में ही थे। आसपास कोई वाहन मौजूद नहीं था, जिससे स्पष्ट है कि टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। चरचा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है, ताकि आरोपी वाहन की पहचान की जा सके। बताया जा रहा है कि तीनों किसी दोस्त के जन्म दिन से वापस लौट रहे थे। नागरिकों ने इस दर्दनाक हादसे के बाद प्रशासन से एनएच-43 पर तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी और सड़क सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।

■ छात्रा समेत दो अन्य युवकों की मौत, वाहन चालक फरार



मृत पड़े युवक-युवती।



पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल में लोगों की भीड़।

### गमगीन माहौल में हुआ पोस्टमार्टम

घटना की सूचना मिलते ही चरचा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के परिजन को सूचित किया। तत्पश्चात, तीनों शवों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। व हां परिजन के बयान दर्ज कर पंचनामा तैयार किया गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को परिजन को सौंप दिया गया। चरचा थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अज्ञात वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि वाहन की जल्द पहचान की जा सके।

### शहर में शोक की लहर

बीती रात्रि इस हृदयविदारक हादसे से स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। खासतौर पर एकता जैसी कक्षा 11 वीं की छात्रा की असमय मौत ने हर किसी को झकझोर दिया है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने हादसे पर गहरा दुख जताया है तथा प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# अमृतधाराः जान जोखिम में डाल कर ले रहे सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में शुमार अमृतधारा जलप्रपात इन दिनों प्रशासन की अनदेखी और पर्यटकों की लापरवाही का शिकार हो रहा है। हसदेव नदी पर स्थित यह झरना जहां अपनी प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के लिए प्रसिद्ध है, वहीं अब यह खतरनाक सेल्फी स्पॉट बनता जा रहा है। हाल ही में सामने आई तस्वीरों और वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि कई पर्यटक जान जोखिम में डालकर जलप्रपात के किनारे खतरनाक स्थानों पर चढ़कर सेल्फी ले रहे हैं, जबकि कलेक्टर द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर सेल्फी प्वाइंट्स पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनका पालन नहीं किया जा रहा है। अमृतधारा जैसे दुर्गम स्थल पर सुरक्षा बैरिकेड्स, चेतावनी बोर्ड और प्रशासनिक निगरानी की सख्त आवश्यकता है, लेकिन जमीनी हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं। कोई गार्ड तैनात नहीं, न ही मौके पर कोई गश्ती दल नजर आता है। नतीजन पर्यटक झरने की चट्टानों तक पहुंच रहे हैं और फिसलने या बह जाने का खतरा बढ़ गया है। विदित हो कि यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची क्षेत्र में आता है और यहां कई वन्यजीव जैसे हिरण, बंदर, पक्षी पाए जाते हैं, लेकिन पर्यटकों की भीड़, प्लास्टिक कचरा और ध्वनि प्रदूषण के चलते स्थानीय जैव विविधता पर भी नकारात्मक असर हो रहा है। पूर्व में कलेक्टर कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर जलप्रपात क्षेत्र में अनियंत्रित आवाजाही और खतरनाक स्थानों पर जाने पर रोक लगाई गई थी, बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन की सतर्कता में कमी के कारण आदेश केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं।

■ कलेक्टर के आदेश का नहीं हो रहा पालन, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल



अमृतधारा जलप्रपात में सेल्फी लेते लोग।

### सावन में चारों तरफ छायी हरियाली...



**बैकुण्ठपुर।** सावन के मौसम में हरियाली चारों ओर फैली है। पठारी क्षेत्र के गांव सुंदरपुर की पहाड़ी की चोटी से ली गई इस तस्वीर में जहां तक नजर जाए हरियाली ही दिखाई दे रही, जो प्रकृति का विहंगम नजारा पेश कर रहा है। ऐसा दृश्य देखकर आंखों को सुकून के साथ मन को शांति मिलती है।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्षों की ब्रीफिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा 27 जुलाई को आयोजित की जा रही आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा की समुचित तैयारी को लेकर केन्द्राध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एके मरकाम ने की।

वहीं जिला समन्वयक डॉ. एमसी हिमधर ने केन्द्राध्यक्षों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए व्यापम के नवीन दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। परीक्षा प्रातः 11 से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित की जाएगी, इसके लिए जिले में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा संचालन की प्रक्रिया को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। परीक्षा केन्द्र सुबह 8 बजे खोले जाएंगे। फ्रिस्किंग में लगे पुलिस बल की तैनाती 8:30 बजे तक सुनिश्चित करनी होगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9 बजे तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश कर लेना अनिवार्य होगा। परीक्षा स्थल का मुख्य द्वार 10:30 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रथम चरण में प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र के आधार पर परीक्षार्थी की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। द्वितीय चरण में पुलिस बल द्वारा हैंड मेटल डिटेक्टर और हाथों से फ्रिस्किंग की जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए अस्थाई कक्षों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। धार्मिक /सांस्कृतिक परिधान पहनने वाले परीक्षार्थियों को सामान्य समय से पूर्व पहुंचकर अतिरिक्त जांच करानी होगी।

### ड्रेसकोड और प्रतिबंध

हल्के रंग के आधे बांह के कपड़े पहनना अनिवार्य है। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल की अनुमति होगी। कानों में किसी भी प्रकार का आभूषण प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी संचार उपकरण, घड़ी, बेल्ट, पर्स, स्कार्फ, टोपी आदि परीक्षा केन्द्र में प्रतिबंधित रहेंगे। वहीं परीक्षा कक्ष में जैमर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएगी।

# शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं, जिम्मेदार अनजान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में भरतपुर एसडीएम कार्यालय के कक्ष में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा द्वारा जनदर्शन प्रारंभ किया गया।

प्रथम जनदर्शन 22 जुलाई को जनकपुर के जागरूक निवासी नत्थू पयासी और भाजपा नेता व अधिवक्ता आदित्य गुप्ता ने अपर कलेक्टर विनायक शर्मा को अलग-अलग शिकायत पत्र देकर बताया कि जनकपुर नगर के आबादी में मुख्य सड़क के किनारे आधा सैकड़ा से ज्यादा विशालकाय नीलगिरि और सरई के पेड़ों को काटकर रहस्यमय ढंग से गायब कर दिया गया। इस मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों द्वारा लगातार प्रशासन को लिखित सूचना दिए एवं समाचार पत्रों में खबरे प्रकाशित हुई, लेकिन यहां के जिम्मेदार अधिकारी अब तक अनजान बने हुए हैं। आबादी क्षेत्र में मुख्य सड़क के किनारे से खुलेआम नीलगिरि और सरई के विशालकाय पेड़ों की कटाई कर रहस्यमय ढंग से गायब कर दिए जाने के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि जानकारी नहीं है कि पेड़ों को कौन काटा, कौन ले गया, कहां बेचा गया। जबकि लोक निर्माण विभाग जनकपुर के तत्कालीन एसडीओ प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी गई, तत्कालीन एसडीएम भरतपुर प्रवीण भगत ने 14 फरवरी को अनुमति दी गई, इसके बाद पेड़ों की कटाई के चपेट में आने वाले विद्युत तार से विद्युत प्रवाह को बंद कराया गया, फिर चिन्हित आधा सैकड़ा से ज्यादा विशालकाय पेड़ों की कटाई प्रारंभ कराई गई, एक सप्ताह तक खुलेआम कटाई के बाद दर्जनभर ट्रकों में लोड कर परिवहन करके जिला से बाहर ले जाया गया, लेकिन इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि पेड़ों को कौन काटा और कहां ले जाया गया है जानकारी नहीं है, जबकि पेड़ों की कटाई तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय एवं वन विभाग के जनकपुर, कुंवारपुर, बहरासी परिक्षेत्र कार्यालय तथा पार्क परिक्षेत्र कार्यालय केसामने किया गया है। विदित हो कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जनकपुर बस्ती का मुख्य सड़क मनेन्द्रगढ़ तिराहा से बनास नदी के पुल तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, इसी सड़क निर्माण कार्य के दायरे में आने वाले पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी गई थी। वहीं शिकायत कर्ताओं ने शिकायत पत्र में बताया कि इस मामले को शासन द्वारा चलाया गया सुशासन तिहार के दौरान 11 अप्रैल को शिकायत पेटी में एवं 30 मई को ग्राम पंचायत सेमरिहा में आयोजित शिविर में शिकायत पत्र दिया गया था।

■ फरियादी कार्यालय का लगाते हैं चक्कर

# श्रावण मास में पूजा-पाठ के साथ किया जाए पौधरोपण

**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सिद्धबाबा मंदिर परिसर सहित नगर क्षेत्र में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, रूद्राभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हो रहा है। इसीक्रम में समिति के पदाधिकारियों द्वारा आमजन से इस पुण्य मास में पौधरोपण करने की विशेष अपील की गई है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रावण मास प्रकृति से जुड़ने और पृथ्वी पर संतुलन बनाए रखने का सर्वश्रेष्ठ समय होता है। सनातन संस्कृति में वृक्षों को केवल पर्यावरण का अंग नहीं, बल्कि देवतुल्य माना गया है। पीपल, बरगद, तुलसी जैसे पौधों की पूजा हजारों वर्षों से होती आ रही है। उन्होंने कहा कि पौधों में देवताओं का वास माना गया है। जैसे पीपल के मूल में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में शिव का निवास होता है, इसीलिए श्रावण में इनकी सेवा और रोपण विशेष फलदायी होता है।

### खुले में मांस बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** श्रीराम सत्संग सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ द्वारा शहर और आस-पास के खुले क्षेत्रों में हो रहे मांस की खुले में बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने ज्ञापन में कहा कि खुले में मांस बिक्री से न सिर्फ नगर की स्वच्छता प्रभावित हो रही है।

# संगम अभियान से जुड़कर महिलाएं बन रही स्वावलंबी

**बैकुण्ठपुर।** महात्मा गांधी नरेगा योजना में पंजीकृत श्रमिकों के परिवारों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा संगम अभियान के तहत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में विगत 2 दिनों विकासखंड सोनहत की ग्राम पंचायत तंजरा में पशुपालन पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 35 महिला हितग्राहियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से उन महिलाओं को शामिल किया गया,



जिन्हें मनरेगा के तहत पशु शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड और सुकर पालन शेड प्रदान किए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, बिहान टीम और मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी की उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत तंजरा में अब तक 50 श्रमिक परिवारों को अलग-अलग पशुपालन शेड स्वीकृत किए गए हैं। बिहान समूह से जुड़ी इन महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में महिलाओं को अपने पशु संसाधनों का बेहतर उपयोग कर आयवर्धन के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. रामस्वरूप चंदे, पशु विभाग अधिकारी, सोनहत द्वारा बकरी, मुर्गी और अन्य पशुपालन की वैज्ञानिक विधियों, रोग नियंत्रण, आहार प्रबंधन, टीकाकरण और साफ-सफाई जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। महिलाओं ने अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं, जिनका समाधान विशेषज्ञ द्वारा किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संगम अभियान के तहत यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं को आय आधारित गतिविधियों से जोड़कर लखपति दीदी की श्रेणी में लाया जाए। संगम अभियान इस दिशा में एक ठोस कदम है।






























## खबर संक्षेप



### शिशु मंदिर के बच्चों ने निकाली कांवर यात्रा, किया अभिषेक

**अम्बिकापुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत छोटे बच्चों ने कांवर यात्रा निकाली एवं फायर स्टेशन स्थित शिवालय में जलाभिषेक किया। इस दौरान बच्चों के साथ स्कूल की तीन शिक्षिकाएं एवं एक यातायातकर्मी मौजूद था। सरस्वती शिशु मंदिर में नर्सरी कक्षा में अध्ययनरत छोटे बच्चों ने विद्यालय परिसर से कांवर यात्रा निकाली। भगवा वस्त्र में सजे बच्चे शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में चौपाटी स्थित शिवालय पहुंचे एवं भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक करने के उपरांत बच्चे बोलबम का नारा लगाते हुए वापस स्कूल पहुंचे। इस दौरान एक यातायात कर्मी आते-जाते वाहनों को नियंत्रित कर बच्चों को यात्रा में सहयोग कर रहा था।

### वाहन की टक्कर से गंभीर वृद्धा की गई जान

**अम्बिकापुर।** रोपा लगाकर पैदल घर आ रही वृद्धा को रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार तपकरा अंतर्गत ग्राम ताज बहरा निवासी सुशीला बाई पति कलेश्वर (66 वर्ष) सोमवार की शाम खेत से रोपा लगाकर पैदल घर आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्धा गंभीर रूप के घायल हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्धा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अज्ञात वाहन ने ठेकेदार को मारी टक्कर गंभीर हालत में अंबिकापुर रेफर

**बिश्रामपुर।** बुधवार की शाम करीब 8 बजे नगर के शान्तिनगर निवासी ठेकेदार तपन मैती को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं हैं,वे शाम को रेलवे स्टेशन चौक के आगे छाता पकड़े पैदल चलकर कुछ सामान खरीदने जा रहे थे, इस दौरान लगातार बारिश होने व अंधेरा होने के कारण मोड़ समीप अज्ञात तेज रफ़्तार वाहन चालक ने उनको टक्कर मारते हुए फरार हो गया,कुछ समय पश्चात बजरंग दल के सुजीत सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से उनको शासकीय अस्पताल बिश्रामपुर में इलाज हेतु भर्ती कराया,यहाँ से उनको बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया जहां एक निजी अस्पताल ने इनका इलाज चल रहा है, प्राप्त जानकारी अनुसार सिर में गंभीर चोट लग जाने के कारण ठेकेदार तपन मैती की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

## हितग्राहियों को तीन महीने के बजाय बांट रहे दो महीने का राशन

# ग्राम पंचायत पहिया में राशन वितरण में भारी गड़बड़ी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शासन प्रशासन द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को राहत देने के उद्देश्य से शासकीय उचित मूल्य दुकान में कम दर पर चावल वितरित की जाती है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हितग्राहियों को हर माह चावल वितरित की जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से 3 महीने की राशन देने का सख्त निर्देश दिए गए है। कई ग्राम पंचायतों में निर्देश का पालन किया गया परंतु प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहिया के ग्रामीणों को तीन माह के बजाए दो माह का राशन वितरण किया गया। ऐसे में एक माह का राशन रोक लेने से ग्रामीणों में न सिर्फ नाराजगी है बल्कि संचालक की मनमानी रवैया से काफी आक्रोशित है।

**खास बातें**

- दुकान संचालक रिकवर करने रोक रहे एक माह का राशन
- हितग्राही कर रहे पूरे तीन माह का राशन देने की मांग

विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत पहिया में पीडीएफ संचालक की मनमानी से ग्राम पंचायत ग्रामीण काफी परेशान है। एक ओर जहां ग्रामीणों को राहत व सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 3 महीने की राशन देने का सख्त निर्देश दिया गया वहीं दूसरी ओर शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पहिया में ग्रामीणों को 3 महीने का राशन देने के बजाय सिर्फ 2 महीने का राशन दिया गया जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी निराशा और नाराजगी देखी जा रही है। सोसायटी संचालक के ऊपर ग्रामीणों का आक्रोश और शासन प्रशासन की निगरानी नहीं होने के कारण गरीबों का हक छीनने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में बहुत कम लोगों का राशन कार्ड नवीनीकरण किया गया है। पुराने कार्ड में ही लिखा जाता है जहां पर पता ही नहीं चलता की सामग्री एवं मूल्य को कहां पर लिखा गया है। पीडीएस संचालक की बड़ी लापरवाही उजागर टीम बनाकर निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई मामले उभरकर सामने आएगी। ग्राम पंचायत पहिया के ग्रामीणों ने पूरे तीन माह का राशन दिए जाने की मांग की है।



राशि कार्ड दिखाते ग्रामीण।

### रिकवर करने रोका गया है राशन

पीडीएस संचालक की माने तो सोसाइटी लॉस में है। संचालक का कहना है कि रिकवर करने एक महीने का राशन रोका गया है बाद में इसकी भरपाई कर दिया जाएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर ऐसी नौबत ही क्यों आई की जहां लोगों का हक को मारकर हुए लॉस की भरपाई किया जाए। ग्रामीणों के राशन कार्ड को देखने और पूछने पर पता चला कि अधिकांश राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं किया गया जो घोटाले की आशंका को बढ़ा रहे।

### ग्रामीणों के भोलेपन का उठा रहे फायदा

पीडीएस संचालक की इतनी बड़ी लापरवाही ग्रामीणों के साथ इसलिए की वहां के लोग भोले भाले हैं जिसका फायदा पीडीएस संचालक उठा रहे है। पहिया ग्राम जो चारों तरफ से पहाड़ों और वनों से घिरा हुआ क्षेत्र है जहां के लोग अधिकांश खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते हैं। यहां तक की ग्राम पंचायत में सही तरीके से राशन वितरण हो रहा है या नहीं इसकी पूछ परख करने कोई नहीं जाता जिससे संचालक के हौसले बुलंद है।

### ग्रामीणों को वितरण किया गया था सड़ा-गला चावल

पिछले माह झमाझम बारिश के बाद ग्राम पंचायत मकनपुर स्थित उचित मूल्य दुकान में पानी भर जाने से हितग्राहियों के वितरण के लिए रखे कई बोरी चावल खराब हो गए। यहां तक की बोरी में फफूंद आ गए हैं शक्कर खराब हो गया था जिससे सड़े गले चावल बहुत ही बदबू आ रही थी बावजूद इसके हितग्राहियों को वितरण कर दिया गया था।

### कराई जाएगी जांच

मामला संज्ञान में आया है, जांच करवाती हूं, जांच पश्चात कार्रवाई की जएगी। इस मामले में फूड इंस्पेक्टर से चर्चा की जाएगी। मौके पर जाकर ग्रामीणों का बयान दर्ज किया जाएगा।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर



# मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करना उद्देश्य : शफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान और उदयपुर शिविर के संकल्प के अनुसार सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने 31 जुलाई तक सरगुजा के सभी 61 मंडलों में उनकी कमेटियों का गठन कर लेगी। अम्बिकापुर शहर, ग्रामीण एवं दरिमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्षों की संयुक्त बैठक में यह बात आज सरगुजा जिले हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी शफी अहमद ने कही है। संगठन सृजन के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के सभी जिले में मंडल और सेक्टर कमेटियों के गठन के लिये प्रभारियों की नियुक्ति की है। श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद को सरगुजा जिले के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मतदान केन्द्रों के माइक्रो मैनेजमेंट के लिये संगठन में विकेन्द्रीकरण के साथ ही व्यापक बदलाव का खांचा उदयपुर शिविर में लिया था। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 2 माह में मंडल, सेक्टर और बूथ लेवल तक हमें कार्यकर्ताओं की ऐसी फौज तैयार करनी है जिसका उद्देश्य महज चुनाव ही नहीं होगा। इसके माध्यम से हम बूथ लेबल तक मतदाताओं से संबंधित समस्याओं को दूर करने में उनकी मदद करेंगे। कार्यकर्ता का प्राथमिक उद्देश्य जनसेवा होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चुनाव आयोग के द्वारा अचानक जिस प्रकार वोटर लिस्ट की व्यापक समीक्षा का निर्णय लिया है, ऐसी परिस्थिति का सामना आज नहीं तो कल छत्तीसगढ़ को भी करना है। हम ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिये तैयारी कर रहे हैं, ताकि मतदाताओं के वैध मतदान के अधिकार को तुच्छ राजनैतिक स्वार्थों की बलि न चढ़ा दी जाये। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि संगठन में जो लेयर तैयार किये जा रहे हैं, उसमें कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन पार्टी में उनके प्रगति का आधार बनेगा। मंडल अध्यक्षों की बैठक में समीक्षा के दौरान अम्बिकापुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नियुक्त 9 मंडल अध्यक्षों को उनकी नियुक्ति पत्र भी सौपा गया। इसके पूर्व अम्बिकापुर शहर और दरिमा के मंडल अध्यक्षों को उनका नियुक्ति पत्र सौंपा जा चुका है। अंबिकापुर ग्रामीण में फैसल सिद्दीकी, नितिश चौरसिया, शंकर प्रजापति, संतोष राजवाड़े, श्रीमती धनेश्वरी सोनपाकर, गिरधारी सिंह, जयंत राजवाडे, अदीप एक्का एवं विवेक पैकरा को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, इरफान सिद्धकी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, शैलेंद्र सोनी, अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिद्धू, शुभम जायसवाल, आशीष जायसवाल, रजनीश सिंह, मेराज रंगरेज, सतीश बारी, हिमांशु जायसवाल आदि मौजूद थे।

- मंडल अध्यक्षों की ली गई बैठक, सौंपा गया नियुक्ति पत्र

### सरकार बनाने कमर कस ले कार्यकर्ता : सिंहदेव

बैठक उपरान्त शहर, ग्रामीण और दरिमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी मंडल अध्यक्षों ने पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव से उनके निवास पर मुलाकात कि। इस दौरान श्री सिंहदेव ने उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश पिछले विधानसभा में सकारात्मक कार्यों के बाद भी चुनाव में पराजय हुई, लेकिन महज 18 माह में परिस्थितियां बदल गयी हैं। उन्होंने कहा कि बदली परिस्थितियां हमारे पक्ष में है लेकिन तैयारियों में खुद को झोंकना होगा, ताकि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बना जनसेवा कर सके।



### देवगढ़ मेला में शबरी सेवा संस्थान ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**रजपुरीकला।** छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा देवगढ़ मेला में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव सुरेन्द्र साहू ने कहा कि नशा मानव समाज के लिए घातक है इससे समाज में अपराध पनपते हैं। नशा चाहे काई भी हो वह शरीर के लिए हानिकारक होता है। नशा हर अपराध की जननी है, नशेड़ी ब्यक्ति अपनी इच्छाओं पुर्ती के लिए चोरी, लूट, डकैती जैसे जघन्य आपराधिक कृत्य करने लगता है, जिससे वह नशा करने के लिए पैसा इकट्ठा कर सके। सुरेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता देवन्ती साहू ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नशा मुक्ति के लिए सुरू से ही प्रयास कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता भारती साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा लगातार सरगुजा एवं सूरजपुर जिला में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। हम सभी को अपने आस पास से ही नशा छोड़वाने का प्रयास करना चाहिए जिससे बच्चे इससे बच सके। कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा प्रकाशित नशा मुक्ति पम्पलेट का वितरण किया गया। इस दौरान बलदेव सिंह, अंचल सिन्हा, आकाश साहू, हरकेश गुप्ता, प्रिया गुप्ता, संस्कृति साहू, विनय गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, नीरज साहू, अर्णव, रामलाल यादव, अशोक, विरेन्द्र व अन्य उपस्थित थे।

# पूजास्थल देवगुड़ी में लगा कचरे का अंबार, श्रद्धालु हुए नाराज

**सीतापुर।** ग्राम देवता के रूप में दशकों से जनजातीय समाज के आस्था का केंद्र रहा देवगुड़ी देखरेख के अभाव में बदहाल हो गया है। निगरानी एवं सुरक्षा के अभाव में लोग आस्था के केंद्र के आसपास कचरा फेंकने रहे है जिसकी वजह से देवगुड़ी के आसपास कचरे की ढेर जमा हो गई है। ग्राम देवता की पूजा करने श्रद्धालु जब देवगुड़ी पहुंचे तब वहां का हाल देख काफी आहत हुए।उन्होंने यहां की बदहाली के लिए लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए नगर पंचायत से सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की है ताकि भविष्य में लोग आस्था का केंद्र रहे देवगुड़ी में गंदगी न फैला सके। विदित हो कि नगर पंचायत वार्ड क्र-4 में विश्रामगृह परिसर के अंदर जनजातीय समाज के आस्था का केंद्र देवगुड़ी स्थापित है जहां कंवर गोंड उरांव समाज के अलावा नगरवासियों की आस्था भी जुड़ी हुई है। जनजातीय समाज के लोग पीढ़ियों से साल दर साल ग्राम देवता के रूप में देवगुड़ी की पूजा करते चले आ रहे है। सालों से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी कंवर समाज के लोग हरियाली अमावस्या के दिन ग्राम देवता की पूजा करने देवगुड़ी पहुँचे हुए थे। देवगुड़ी पहुँचने के बाद श्रद्धालु पूजास्थल के आसपास गंदगी का माहौल देख काफी दुःखी हुए। सुरक्षा व्यवस्था की कमी



एवं देखरेख के अभाव में देवगुड़ी के आसपास कचरे का अंबार लगा हुआ था।लोग द्वारा पूजास्थल के आसपास घर का कचरा फेकने की वजह से चारो तरफ गंदगी पसरा हुआ था। पूजा करने पहुँचे श्रद्धालुओं ने पूजा से पहले वहां की साफ सफाई की उसके बाद ग्राम देवता की पूजा की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गंदगी के लिए लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए नगर पंचायत से देवगुड़ी में सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है ताकि ग्राम देवता के रूप में आस्था का केंद देवगुड़ी को साफ सुथरा एवं सुरक्षित रखा जा सके।

### बांस बाड़ी में जुआ खेल रहे छह जुआरियो को पुलिस ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम पचीरा बांस बाड़ी में बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर हारजीत का दांव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे पचिरा के ओमप्रकाश सोनवानी आ. स्व. बालगोविन्द (40 वर्ष), ग्राम महगंवा के मो. हुसनैन आ. मो.अनवर (35 वर्ष), अब्दुल रशी आ. गुलाम मोहम्मद (46 वर्ष), ग्राम कुरूवा के विजय कुमार सिन्धे आ. समय (34 वर्ष), कमलपुर के विष्णु हलदार आ. हरिलाल हलदार (31 वर्ष) व ग्राम नमदगिरी के दिनेश देवागंन आ. स्व. जोखू राम देवागंन (30 वर्ष) को पकड़ फड़ से 52 पत्ती सहित 5 हजार 490 रूयए जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियो के विरूद्ध धारा 3(2) जुआ अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 27 को

**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 27 जुलाई रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाईन सर्जन डॉ.अमित मुखर्जी, गठिया एवं अर्थराईटिस रोग विशेषज्ञ डॉ.जगवीर सिंह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।




# खुखड़ी बीनने जंगल गए बुजुर्ग का पासंग नाला में पड़ा मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम खलीबा निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण का शव गुरुवार को सोनवाही नारायणपुर के बीच स्थित पासंग नाला में पड़ा हूआ मिला।सूचना पर मौके पर पहुंची लटोरी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है,पुलिस ने बताया कि मृतक खलीबा ग्राम निवासी रमेश यादव पिता मठ्ठू यादव 60 वर्ष बुधवार की प्रातः साईकल से सोनवाही जंगल की ओर खुखड़ी चुनने गया था,जो रात तक घर नहीं लौटा, दूसरे दिन सुबह तड़के उसका पुत्र उसे खोजने के लिए निकला, तो पाया कि उसके पिता की साईकल सोनवाही नारायणपुर से गुजरी पासंग नाला के किनारे खड़ी है।जब वह आसपास देखा तो देखा कि उसके पिता का शव पासंग नाला के पानी में औंधे मुंह पड़ा हूआ है,जिसके बाद उसने अपने परिजनों के साथ पुलिस को घटना की सूचना दी जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### खनिज विभाग ने ली क्रेशर संचालकों की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के स्वीकृत उत्खनिपट्टा, भण्डारण क्रशर संचालकों के साथ बैठक किया गया, जिसमें खदान एवं भण्डारण क्रशर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गौण खनिज 2015 एवं छत्तीसगढ़ खनिज खनन परिवहन एवं भण्डारण 2009 के नियमों एवं शर्तो का पालन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही खनिज से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की चर्चा की गई। इसमें विशेषकर परिवहन एवं खनिज नियमों का पालन करते हुए खनिजों का परिवहन करने के सख्त निर्देश दिए गए।

# कॉलोनी में भारी वाहनों की एंट्री बंद की जाए

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर कॉलोनी के नागरिकों के लिए भारी भरकम कोल ट्रांसपोर्टिंग वाहन अब दुर्घटना होने का खतरा बनते जा रहे हैं। कॉलोनी में रह रहे हजारों लोगों की सुरक्षा को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

- एनएसयूआई प्रदेश सचिव ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव, केतकी, रेहर और गायत्री खदानों से निकलने वाले कोयला को भारी ओवरलोड ट्रिपर और ट्रेलरों के माध्यम से ट्रांसपोर्ट किया जा रहा है। यह वाहन सीधे एसईसीएल कॉलोनी के मुख्य मार्ग से गुजरते हैं,जो न केवल आवासीय क्षेत्र है बल्कि यहां कई शैक्षणिक संस्थाएं और धार्मिक स्थल भी स्थित हैं।इनमें कार्मेल कान्वेंट स्कूल,आत्मानंद स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल और कई कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर प्रमुख हैं,जहां हजारों बच्चे अध्ययनरत हैं। शिक्षण सत्र प्रारंभ हो चुका है और सुबह से लेकर शाम तक बच्चों का काफी संख्या में आवागमन होता है।इसी समय तेज रफ्तार और ओवरलोड कोयला लोड ट्रिपर उक्त मार्ग से गुजरते हैं, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।विगत वर्षों में ऐसे ही ओवरलोड वाहनों के चलते 3 से 4 लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों में भय और रोष व्याप्त है। हाल ही में सुरजपुर पुलिस अधीक्षक और यातायात विभाग द्वारा सुबह 7 से 10.30 बजे और दोपहर 2 से 4.30 बजे तक नो एंट्री लागू की गई है, लेकिन इसका लाभ आमजन और स्कूली बच्चों को मिल नहीं पा रहा है। स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक है और छुट्टी के समय भारी भीड़ होती है,नो एंट्री का समय इस जरूरत को पूरा नहीं कर पा रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई ट्रिपर और ट्रेलर के ड्राइवर नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं, जिससे कॉलोनी में कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।ज्ञापन में मांग की गई है है कि कोल परिवहन में लगे ओवरलोड ट्रिपर और ट्रेलरों के प्रवेश पर सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक पूर्ण रोक लगाई जाए।साथ ही इन वाहनों की नियमित ओवरलोडिंग जांच भी करवाई जाए ताकि आम नागरिकों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# कन्या आश्रम खोरम में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा, मुन्नू सिंह धुर्वे विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं संकुल प्राचार्य देवसाय टेकाम प्राचार्य डीके कुजूर एवं संकुल समन्वयक खोरमा विनय कुमार तिवारी संकुल समन्वयक उज्जैन यादव के नेतृत्व में माध्यमिक शाला कन्या आश्रम खोरमा के शांति नगर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना व अतिथि स्वागत के साथ किया गया। विदित हो विद्यालय में शत प्रतिशत दाखिला नियमित उपस्थिति भय मुक्त वातावरण तथा सामुदायिक सहभागिता के उद्देश्य से शासन के आदेशानुसार शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम में कक्षा पहली व छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाते हुए मीठा खिलाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि अजीत शरण सिंह ने शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि तथा बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने हेतु शिक्षक व अभिभावकों से कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने की घोषणा की एवं आवासीय विद्यालय कन्या आश्रम खोरमा में किचन सेड व आवास तक पहुंच मार्ग को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया। मुख्य अतिथि मानती सिंह ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था के साथ बच्चों में संस्कार व सह संज्ञानात्मक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रयास करने पर जोर दिया। भाजपा महिला मंडल महामंत्री लक्ष्मी गुप्ता, खोरमा सरपंच पिंकी टेकाम एसएमसी अध्यक्ष गीतांजलि ठाकुर एवं अनामिका ने भी नव प्रवेशी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण किया। इस दौरान अजीत शरण सिंह, त्रिभुवन सिंह, प्रधान पाठक साहेबानी कुजूर, सुषमा टोप्पो,उपासना यादव, सरिता टोप्पो, अनीता सिंह, रेनू तिवारी, चंद्रावती कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद यादव, नरेश तिर्की, भूपेश तिवारी, लालमन यादव, मेराजुद्दीन खान, माइकल केरकेट्टा, धर्मपाल सिंह, स्मृति ओझा,अंजू त्रिपाठी, देवमन सिंह, वैशाखो शांडिल्य, विजय गुप्ता, कुंती पांडे,वंदना बैक, मंजू ममता, राम कुमारी सिद्धार, अमृका बाई, छमिया केरकेट्टा, नमिता खरे, दिनेश कश्यप, एंजिल केरकेट्टा एवं छात्रावास अधीक्षक अनिमा बखला, अर्चना मिंज सहित अन्य उपस्थित थे। मंच का संचालन संस्था के शिक्षिका कुंती पाण्डेय एवं जन शिक्षक विनय तिवारी द्वारा किया गया।







## खबर संक्षेप



### भाजपा अनुसूचित जनजाति करेगा जिला स्तरीय सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** संकल्प भवन में गुरूवार को भाजपा अजजा मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में आदिवासी मोर्चा को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाने तथा जमीनी सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई। रणनीतियों और आगामी कार्ययोजना को लेकर सुझाव लिए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष राम लखन पैकरा ने कहा भाजपा की विचारधारा हमेशा आदिवासी समाज के उत्थान और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। जनजातीय समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि संगठन की शक्ति है। हमें संगठन और समाज के बीच सेतु बनकर कार्य करना है ताकि अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं और नीतियां पहुंचे। इस दौरान जिलाध्यक्ष धनराम नागेश, महामंत्री पूरन सिंह टेकाम, कमलेश टोप्पो, संजय कुसरो, जगत राम, राजा चावर, ओमप्रकाश टेकाम, बातन राम, मिथलेश नागेश, रवि टेकाम, अविनाश सोनपाकर एवं सोनू कुमार उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने आदिवासी समाज के बीच पार्टी की नीति, नीयत और विकास कार्यों को पहुंचाने की प्रतिद्धता दोहराई तथा संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

### राहुल हायर सेकेण्डरी स्कूल के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**रामनगर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने राहुल जायसवाल को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल का अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद की अनुपस्थिति में वे बैठकों में उनका प्रतिनिधित्व करेंगे। राहुल को यह जिम्मेदारी उनकी समाज के प्रति सक्रिय भूमिका जनसेवा भावना और युवाओं में लोकप्रियता को देखते हुए दी गई है।

### केआर टेक्निकल कॉलेज में मनाई गई संत गहिरा गुरू की जयंती

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज में गुरूवार को संत गहिरा गुरू की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने अपने व्याख्यान में संत गहिरा गुरू के जीवन दर्शन, संघर्ष और समाज सुधार के कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे केवल धार्मिक संत नहीं थे, बल्कि जनजातीय समाज के आत्मसम्मान और अधिकारों के सशक्त स्वर थे। गहिरा गुरू ने शिक्षा, सेवा और स्वाभिमान को समाज उत्थान का मूलमंत्र बनाया। उन्होंने आदिवासी समाज को नशा, अंधविश्वास और शोषण से बाहर निकालने का साहसिक प्रयास किया। छत्तीसगढ़ शासन ने उनके योगदान को देखते हुए सरगुजा विश्वविद्यालय का नाम संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय रखकर उन्हें यथोचित श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस दौरान एक दीपक जो जंगल में जला शीर्षक से संत गहिरा गुरू की प्रेरक कथा सुनाई गई। इस कहानी में एक साधारण बालक के असाधारण संकल्प को दर्शाया गया, जिसने समाज में बदलाव की अलख जगाई। बिना किसी औपचारिक शिक्षा के उसने सेवा, जागरूकता और सत्य की शक्ति से समाज को दिशा दी और अंततः एक युगपुरूष के रूप में स्थापित हुआ। कार्यक्रम का समापन उनके विचारों को आत्मसात करने और विद्यार्थियों तक पहुंचाने के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

### अजय बने आर्ट ऑफ लिविंग के व्यसन मुक्ति शिक्षक

**अम्बिकापुर।** लम्बे समय से नशामुक्ति एवं काउंसलिंग के क्षेत्र में काम कर रहे आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों के लिए बेंगलुरु स्थित अंतर्राष्ट्रीय आश्रम में आयोजित



शिक्षक प्रशिक्षण में देशभर के 65 प्रतिभागियों ने भागीदारी की तथा प्रशिक्षण में प्राप्त कर व्यसन मुक्ति शिक्षक बने। प्रशिक्षण में आर्ट ऑफ लिविंग कर्मयोग राज्य समन्वयक तथा नवा विहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान तथा परामर्श केंद्र के समन्वयक अजय कुमार तिवारी प्रशिक्षण में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सरगुजा संभाग में हर माह नशामुक्ति शिविर एवं नवम्बर माह से नशामुक्ति केंद्र संचालित किया जाएगा।

अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बंद कराया आवागमन, पुल के दोनों तरफ लगाया गया बांस व झाड़ियां

# कैलाशपुर-राजापुर के मध्य बेलसोता नाला पुल में आई बड़ी दरारें, बीच से धंस गया पुल



क्षतिग्रस्त पुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

ग्राम कैलाशपुर व राजापुर के बीच स्थित बेलसोता नाला पर बना करीब 22 वर्ष पुराना पुल अब जर्जर हो चूका है। लगातार बारिश के चलते अब इस पुल में गहरी दरारें उभर आई हैं,साथ ही पुल के दो पिल्लर्स में क्रैक आने से पुल का हिस्सा दब गया है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।यह पुल केवल एक संरचना भर नहीं है,बल्कि यह राजापुर समेत आसपास के दर्जनों गांवों को सुरजपुर जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला स्रोत है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पुल दशकों पूर्व बना था और इसके बाद से इसमें कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। बारिश के चलते नींव कमजोर होने लगी है और पुल के मध्य भाग में दरारें गहराने लगी हैं,साथ ही पुल के दो पाया में क्रैक आने से जगह दब गई है।

**खास बात**

- स्थानीय ग्रामीणों के लिए वैकल्पिक कंदई बासेनपारा मार्ग भी पहले से है जर्जर

हालत यह हो गई है कि अब इस मार्ग से दुपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन भी जोखिम भरा हो चुका है, ऐसे में यहां पर राजापुर पंचायत द्वारा सुरक्षागत दृष्टिकोण से पुल के दोनों तरफ बांस से मार्ग पर आवागमन बंद करा दिया गया है।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन मरम्मत के नाम पर कोई ठोस पहल नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने पुल पर आवागमन रोकने की अपील करते हुए बांस व पेड़ की झाड़ी से मार्ग को बंद करा दिया है, ताकि कोई जानलेवा हादसा न हो सके।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि बेलसोता पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तो लोगों को सुरजपुर जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए ग्राम पंचायत कंदरई के बासेनपारा मार्ग से गुजरना पड़ेगा,जो पहले से बदहाल है,यह वैकल्पिक रास्ता गड्ढों से भरा है,संकरा है और बारिश में कीचड़युक्त हो जाता है।स्कूली बच्चों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को काफी मशक्कत कर यहाँ से गुजरना पड़ेगा।

**पहुंचे अधिकारी व पुलिस टीम**

बेलसोता नाला पर बने पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व जयनगर थाना से सहायक उपनिरीक्षक केश्वर मरावी, राजापुर सरपंच अमर सिंह तत्काल मौके पर पहुंच वस्तुस्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल उक्त मार्ग पर आवागमन बंद कराए जाने की पहल कर दी गई है।





## चार्जिंग के दौरान स्कूटी में लगी आग घर का सामान जल कर ख़ाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मानपुर में बीती रात उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक घर में चार्जिंग के दौरान स्कूटी में आग लग गई। आगजनी से घर के लाखों के सामान जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पर दमकल टीम ने आग बुझाई। हैरानी की बात तो यह है कि घर में आग लगने की भनक घर में सो रहे लोगों को नहीं लगी। पड़ोसियों ने जब घर में आग लगने की जानकारी दी तो अपनी जान बचाकर किसी तरह बाहर निकले।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मानपुर निवासी जय कसेर उर्फ मोलू बीती रात अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्जिंग में लगाकर सो गए। इसी दौरान देर रात चार्जिंग में लगे स्कूटी में अचानक आग लग गई। आग इतना तेजी से लगा कि घर में रखे स्कूटी, एलइडी टीवी, टेबल, कुर्सी, धान, दुकान के समान और कपड़े जलकर खाक हो गए। पूरे घर में धुआं से भर गया था। लेकिन घर में रहने वाले लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी वे गहरी नींद में थे। इसी बीच बगल के पड़ोसी ने धुआं देखकर उनको जगाया तब बड़ी मुश्किल से घर के लोगों ने जान बचाकर किसी तरह बाहर निकले। इधर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तब तक स्कूल समेत घर में रखे सामान जलकर खाक हो गए थे। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग काबू पाया जिससे घर को जलने से बचाया। अगर समय पर पड़ोसी नहीं जगाते तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। आगजनी से लगभग से सात लाख के नुकसान होने की अंदेशा जताई जा रही है।



## ट्रक की चपेट में आने से मवेशी घायल, ग्रामीण ने कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

सड़क किनारे खड़ी एक मवेशी को ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गई और चलने में असमर्थ होकर सड़क किनारे बैठ गई है। आसपास के लोगों ने आवारा मवेशी बताकर इलाज कराना मुनासिब नहीं समझा। इधर स्थानीय जन सेवक मानसाय मरकाम को घटना की जानकारी लगी तो तत्काल पशु चिकित्सक अंगू पैकरा को बुलाकर इलाज कराया है ।

पिछले महीने में मानीचौक से कुरुवा हनुमान मंदिर तक दर्जनों गाय, बैल कोयला व डस्ट लोड ट्रकों की चपेट में आकर अपनी जान गवाई है लेकिन स्थिति में अब तक सुधार नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि पिछले महीने की रात्रि के समय घटित घटना से ग्रामीणों में तुल पकड़ लिया था और आक्रोशित ग्रामीणों ने रात के समय सड़क में उतर कर दुर्घटना से मृत गाय को लेकर ग्राम सपकरा मैन रोड में चक्का जाम कर विरोध किया था। तब कोतवाली की पुलिस टीम मौके पहुंचे और लोगों को समझाइश दिया। बावजूद इसके बेजुबान की मौत का सिलसिला अब तक सड़कों में चल ही रहा है इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश में है।

इस संबंध में पशु चिकित्सक अंगू राम पैकरा ने बताया कि गाय की कमर में गहरा चोट लगा है और पीछे का एक पैर भी चोटिल हो गया जिसके कारण खड़ा नहीं हो पा रही है। हालांकि लगातार दवाई देते रहने से ठीक हो जाएगी।

# विधायक सिंह ने किया सलका हायर सेकेंड्री स्कूल भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर



सलका में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने किया। हायर सेकेण्डरी भवन निर्माण की स्वीकृति दो साल पूर्व मिली थी। दस कमरों का स्कूल भवन निर्माण किया गया है। इस अवसर पर विधायक श्री मराबी ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है।

शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है इसलिए सभी बच्चे अच्छे से मेहनत करें और अच्छे अंकों के साथ आगे बढ़े। हमारा एक लक्ष्य होना चाहिए। स्कूल भवन लोकार्पण के उपरांत विधायक ने ग्राम पंचायत सलका में संचालित कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास की छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा सभी कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास की सभी पंजीयों का निरीक्षण किया तथा उपस्थिति पंजी में अनियमितता मिलने, कमरों में बल्ब न होने अधिकारियों को तत्काल कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। विधायक श्री मरावी ने ब्लॉक मुख्यालय में संचालित प्री मैट्रिक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया तथा बच्चों से मिलकर व्यवस्था की जानकारी ली। बच्चों ने पानी की समस्या को प्रमुखता से रखा। विधायक ने एकलव्य आवासीय विद्यालय के बच्चों से मिले और बातचीत की। बच्चों ने बताया कि विद्यालय भवन का निर्माण न होने से समस्या हो रही है। बच्चों ने लो-वोल्टेज एवं पानी की समस्या से विधायक को अवगत कराया। समस्या सुनने के उपरांत उन्होंने तत्काल लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करने अधिकारियों को निर्देश दिए। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, प्री मैट्रिक छात्रावास तथा एकलव्य आवासीय विद्यालय में साफ-सफाई की कमी मिलने पर उन्होंने प्रभारी अधीक्षकों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को अपना मोबाइल नंबर लिखवाया तथा कोई भी समस्या होने पर सूचना देने की सलाह दी। विधायक श्री मरावी ने प्रेमनगर में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया तथा छात्राओं से मिलकर समस्याओं को जाना। छात्राओं ने भवन मरम्मत कराने एवं पानी की समस्या से उन्हें अवगत कराया। विधायक ने नपं सीएमओ इंजीनियर एवं विद्युत विभाग के जेई को बुलाकर समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष रेखा राजलाल राजवाड़े, जनपद उपाध्यक्ष पूनिया राजवाड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह, पूर्व जिपं सदस्य अजय श्याम, निज सहायक महादेव सिंह, मंडल महामंत्री महेंद्र कुमार यादव, भाजयुमो मंडल महमंत्री प्रदीप साहू, सुभाष साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सर्पदंश से बालिका की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** जमीन पर सो रही बालिका को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम चकेरी निवासी शांति आ. एतवार साय (13 वर्ष) बीती रात भोजन कर कमरे के जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान रात लगभग 11 बजे पैर में जलन होने पर उठी और पैर में जलन होने की बात भाई प्रेम साय को बताई। परिजन जब कमरे में आए तो उनके होश उड़ गए। कमरे के दीवार के समीप करैत सांप को देखा। बालिका के पैर में सांप के काट लेने की आशंका पर परिजन तत्काल उसे उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज तड़के बालिका की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरे बाइक सवार, एक युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** पार्वतीपुर मुख्य मार्ग स्थित चौक के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन युवक घायल हो गए। चारों युवक बाइक से घूमने निकले थे तभी दुर्घटना हुई।

मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पार्वतीपुर निवासी सब्बल राम आ. विजय 21 जुलाई की शाम गांव के ही दोस्त अशोक, रंजीत, मानु के साथ गांव के ही मुनेश्वर आ. आनंद राम की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीआर 3595 से चारों घूमने चले गए। जैसे ही बाइक सवार पार्वतीपुर मुख्य मार्ग छेरी मचान चौक के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए जिससे चारों घायल हो गए। इधर घटना को देख गांव के लोगों ने चारों को निजी वाहन से उमेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने अशोक व मनु को सूरजपुर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर परिजन सब्बल को प्रेम नगर अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# 10 दिनों के भीतर मैनपाट में हाथियों ने तोड़े 20 से अधिक घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- अलग-अलग गांवों में तबाही मचाने के कारण हो रही भारी परेशानी
- भयभीत ग्रामीण कर रहे रतजगा

कुछ दिनों तक राहत देने के बाद मैनपाट में एक बार फिर हाथियों ने तबाही मचाना शुरू कर दिया है। पूर्व में अधिकांश समय जंगल में गुजारने वाले हाथी अब शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं तथा भोजन की तलाश में लगातार घरों में तोड़फोड़ मचा रहे हैं। हाथियों ने पिछले 10 दिनों के भीतर अलग-अलग गांवों में 22 घरों को निशाना बनाया है।

सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 13 हाथियों का दल कुछ दिनों तक राहत देने के बाद फिर से तबाही मचाना शुरू कर दिया है। अभी भी हाथी तीन दलों में बंटकर अलग-अलग गांवों में तबाही मचा रहे हैं। जंगल के बीच एवं जंगल से सटे बस्तियों में प्रायः हर दिन शाम ढलते ही हाथी पहुंच जा रहे है। दल के तीन हाथी अभी भी कापू जंगल में घूम रहे है जबकि 8 हाथी एक साथ आबादी क्षेत्र में धावा बोल रहे हैं। दल के शेष दो हाथी भी बंटकर अलग-अलग गांवों में तबाही मचा रहे हैं। हाथियों के अलग-अलग बंटने से वन अमले के लिए भी समस्या खड़ी हो गई है। वनकर्मी अलग-अलग वाहनों से पूरी रात हाथियों की निगरानी कर रहे हैं तथा खतरनाक स्थिति निर्मित होने पर गजराज वाहन की मदद से उन्हें खदेड़ रहे हैं। धान सहित अन्य अनाजों का स्वाद लेने के बाद अनाजों के प्रति हाथियों की रूचि बढ़ गई है। महुआ की गंध पाते ही हाथी घरों तक पहुंच जा रहे हैं। हाथी घरों के उसी हिस्से को पहले ढहा रहे हैं जहां ग्रामीण अपना अनाज रखते हैं। पिछले 10 दिनों के भीतर हाथियों ने अलग-अलग गांवों में 20 से अधिक घरों को तबाह किया है। हालत यह है कि हाथियों के भय से ग्रामीण शाम ढलने के बाद परिवार के साथ बाहर निकल जा रहे हैं तथा खुले आसमान के नीचे रातें गुजार रहे हैं। वन अमला पूरी रात गजराज वाहन की मदद से आबादी क्षेत्र में घुसे हाथियों को खदेड़ने में व्यस्त रहा है। ग्रामीणों एवं वन अमले द्वारा लगातार सतर्कता बरतने के बावजूद हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। गनीमत है कि अभी तक क्षेत्र में कोई जनहानि नहीं हुई है। वन अधिकारी पंचायत प्रतिनिधियों, हाथी मित्र दल, कोटवार एवं वनकर्मियों द्वारा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की सूचना देकर नियमित जागरूकता अभियान चलाने की बात कह रहे है। वर्तमान में हाथी नर्मदापुर के लैंगाडांड, दातीढाब, बरवाली, बरडांड, ननाइन डांड में लगातार धावा बोल रहे हैं। गजराज वाहन के पहंचने पर हाथी पलक झपकते अपना रास्ता बदल देते हैं तथा दूसरे गांव में पहुंचकर तोड़फोड़ मचाना शुरू कर देते हैं। बीती रात हाथियों ने ग्राम बिजहवा में धावा बोला एवं रामा यादव के घर में तोड़फोड़ मचाया। हाथी रामा यादव के घर में रखे अनाज को चट कर गए।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी फेकू चौबे ने बताया कि विभाग की अलग-अलग टीमें पूरी रात वाहनों से हाथियों की निगरानी कर रही है। हाथियों के अलग-अलग गांवों में पहुंचने एवं तोड़फोड़ करने पर गजराज वाहन की मदद से खदेड़ा जा रहा है। प्रभावित गांवों में क्षति को कम करने हर संभव कोशिश की जा रही है।

### 9 हाथियों का दल रौंद रहा धान की फसल, किसान परेशान



बिहारपुर। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के मोहरसोप में हाथियों के उत्पात के कारण धान की फसल बचाना मुश्किल हो रहा है। हाथी धान की फसल रौंदकर नष्ट कर रहे हैं। हाथी हर दिन गांव में धुस फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। 7 हाथियों का दल अक्सर खेतों में जलक्रीडा करते नजर आ रहे हैं। गुरूवार को सुबह 7 हाथियों का दल बसनारा मोहरसोप में फसल को रौंद रहे थे। ग्रामीणों ने किसी तरह हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। हाथियों ने बड़े पैमाने पर धान की फसल को नष्ट किया है किसानों का कहना है कि वन विभाग मुआवजा फार्म तो उपलब्ध करा रहा है लेकिन सभी को राशि नहीं मिल रही है। विभाग हाथियों को खदेड़ने की पहल नहीं कर रहा है। गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में हाथियों का एक दल मौजूद हें वहीं 7 हाथी क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। हाथियों ने पिछले वर्ष 500 एकड़ से अधिक धान की फसल तबाह की थी तथा 3 माह तक क्षेत्र में मौजूद थे। हाथी कभी गुरू घासीदास नेशनल पार्क में पहुंच जा रहे है तो कभी क्षेत्र में धान की फसल तबाह कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दल की एक हथिनी ने शावक को जन्म दिया है जिसके कारण हाथी अन्यत्र नहीं जा रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर,
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411